# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

## SAMPLE PAPER

**FINAL EXAMS SESSION 2025 – 26**

**CLASS – V**

**TIME : 3 HRS.** **SUBJECT – HINDI** **M.M:80**

खंड–क (पठन) **[10]**

**(1) दिए गए गद्यांशों को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें :–** (10)

घपलों और घोटालों की भेंट चढ़ी सरकारी योजनाओं ने संकट और सनसनी फैलाने के अतिरिक्त कुछ नहीं किया। सरकार बच्चों के हमदर्द होने का चाहे कितना ही ढोल पीट ले, मगर सच्चाई यही है कि सरकार की संवेदनहीनता और लापरहवाही की सबसे बड़ी कीमत देश का भविष्य माने जाने वाले नौनिहाल ही अपनी जान देकर चुकाते आ रहे हैं।

सन् 1995 में हरियाणा के डबवाली के एक स्कूल में लगी आग में 400 से अधिक बच्चों के जलकर भस्म होने में आखिर कौन जिम्मेदार था? सैकड़ों अभिभावकों की सूनी बगिया को उजाड़ उनकी आँखों में असहनीय तड़प के आँसू भरने के बावजूद भी सरकार द्वारा उचित कदम उठाना तो दूर, बल्कि और अधिक लापरवाही बरती गई। जिस कारण अनेक छोटी-मोटी घटनाओं के अतिरिक्त कई भयानक हादसों में मासूमों की बलि दी जाती रही। 16 जुलाई, 2005 को तमिलनाडु के तजांबुर जिले के कुंभकोणम शहर के एक प्राइमरी स्कूल में आग की प्रल्यंकारी लपटों द्वारा 90 से अधिक बच्चों का भस्म कर दिया जाना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। जून 2001 में दिल्ली के ही एक अस्पताल में भर्ती 1175 बच्चों में से 142 बच्चों की हैरतअंगेज मौत क्या स्वास्थ्य अधिकारियों की कार्यशैली पर प्रश्न चिह्न नहीं था?

**बहुविकल्पीय प्रश्न—**

**1. ........ की भेंट चढ़ी सरकारी योजनाओं ने संकट और सनसनी फैलाने के अतिरिक्त कुछ न किया?**

(क) घपलों और घपलों (ख) घपलों और घोटालों
(ग) घपलों और हेराफेरी (घ) घपलों और सनसनी

**2. हरियाणा के डबवाली स्कूल में किस सन् में आग लगी थी?**

(क) सन् 1990 (ख) सन् 1992
(ग) सन् 1994 (घ) सन् 1995

**3. 400 से अधिक बच्चों के जलने के लिए जिम्मेदार कौन था?**

(क) सरकार (ख) समाज
(ग) आग (घ) गाँव

**4.** बिकल्प चुनिए :–

16 जुलाई, 2005 की आग :
(क) दिल्ली के प्राइमरी स्कूल में लगी :
(ख) डबवाली के प्राइमरी स्कूल में लगी
(ग) हरियाणा के प्राइमरी स्कूल में लगी
(घ) कुंभकोणम शहर के प्राइमरी स्कूल में लगी।

**5. 1175 बच्चों में से कितने बच्चों की मौत हो गई थी?**

(क) 120 (ख) 130
(ग) 142 (घ) 150

## <u>भाग – ख</u> (व्याकरण) (30)

**(2) कोष्ठक में दी गई क्रिया को काल के अनुसार बदलकर खाली जगह भरिए :– (3x1=3)**

**(क)** मैं एक गिलास दूध ____________ । **(पीना – भविष्यत काल)**

**(ख)** मै प्रतिदिन कसरत ____________ । **(करना – वर्तमान काल)**

**(ग)** मैंने प्रश्नों के उत्तर याद ____________ । **(करना – भूतकाल)**

**(3) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों को बदलकर लिखिए :– (2x1=2)**

**(क)** हम नाना जी के घर रहेंगे । **(भूतकाल)**

**(ख)** वैभव आया । **(भविष्यत काल)**

**(4) दिए गए चिह्नों के उचित नाम लिखिए । (4x1=4)**

**(क)** । **(ख)** – **(ग)** " " **(घ)** ,

**(5) दिए गए शब्दों के दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखे :– (4x1=4)**

**(क)** बगीचा **(ख)** गृह **(ग)** साँप **(घ)** सोना

**(6) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखें :– (5x1=5)**

**(क)** आकाश **(ख)** अनुज **(ग)** लाभ **(घ)** वरदान **(घ)** नालायक

**(7) दिए गए शब्दों के भिन्न अर्थ लिखिए :– (3x1=3)**

**(क)** ताल **(ख)** अंबर **(ग)** अंक

**(8) दिए गए वाक्यों को ठीक करके दोबारा लिखिए :– (3x1=3)**

**(क)** मेरे पास कूल तीन पैंसिलें है।

**(ख)** असमान में पतंग उड़ रही है।

**(ग)** आज ठंडी – ठंडी बात चल रही है।

**(9) दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :– (2x1=2)**

**(क) बहु**त कम बोलने वाला **(ख)** जो कभी न मरे

**(10) दिए गए मुहावरों को अर्थ सहित वाक्य में प्रयोग करें :– (4x1=4)**

**(क) अक्ल** का दुश्मन **(ख)** गोलमाल करना

**(ग)** हाथ बँटाना **(घ)** आँख का तारा

## <u>भाग – ग</u> (पाठ्य – पुस्तक) (30)

**(11) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– (6x3=18)**

**(क)** बहुँए नदी पर क्या – क्या करती है ?

**(ख)** जुलूस को लेकर भाई – बहन में क्या चर्चा हुई ?

**(ग)** जूलूस में क्या घटना घटी ?

**(घ)** मीठी वाणी से क्या लाभ होता है ?

**(ड)** आज का काम कल पर न छोड़ने की सलाह क्यों दी गई है?

**(च)** डार्की की माँ उसे क्या बताया करती थी ?

**(12) दिए गए प्रश्नों के उत्तर में (√) निशान लगाइए :– (4x1=4)**

**(क)** दिनभर कौन किचपिच – किचपिच करती है ?

(1) मैना (2) बालू (3) नदी

**(ख)** किसका खाना बन्द कर दिया गया ? ?

(1) बादशाह का (2) भाई का (3) बहन का

**(ग)** मालकिन ने काले घोड़े का नाम क्या रखा ?

(1) डार्की (2) जॉन (3) ब्लैक ब्यूटी

**(घ)** सागर में क्या लाने के लिए गोता लगाना पड़ेगा ?

(1) मेती (2) मछली (3) पानी

**(13) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए :–** **(6x1=6)**

**(क)** भीषण **(ख)** ताके **(ग)** तप

**(घ)** उमंग **(ङ)** छाना **(च)** मतवाली

**(14) दिए गए शब्दों के समान अर्थ वाले शब्दों में (√) निशान लगाइए :–** **(2x1=2)**

**(क)** पर्वत – खग पहाड़ दिवाकर

**(ख) इच्छा** – कामना पाणि सरिता

## <u>भाग – घ</u> (लेखन)

**(15) निम्नलिखित कहानियों में से किसी एक कहानी को सीख सहित लिखे :–** (10)

घमंड का नतीजा

**अथवा**

चालाक लोमड़ी